प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**18.45 मंगलवार**

**दिनांक 15.07.2025**

**मुख्य समाचारः–**

- छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज "ऑपरेशन सिंदूर की सफलता" पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।
- भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम–फोर मिशन के तहत आज पृथ्वी पर सकुशल लौटे–प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने "श्री रामलला दर्शन योजना" के अंतर्गत रायपुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- बीजापुर जिले में आज माओवादियों ने दो शिक्षादूतों की हत्या कर दी।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**विधानसभा–आपरेशन सिंदूर**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज **"ऑपरेशन सिंदूर की सफलता"** पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने सदन में यह प्रस्ताव पेश किया। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने सदन में जैसे ही इस पर चर्चा की शुरुआत की। संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर की सफलता" ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति देश की दृढ़ प्रतिबद्धता और

आतंकवाद के प्रति कड़े रुख को दर्शाया है। चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की।

इससे पहले, इस चर्चा की शुरूआत के मौके पर भाजपा विधायक श्री चंद्राकर के एक टिप्पणी से आक्रोशित होकर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया था। बाद में यह चर्चा कांग्रेस विधायकों की अनुपस्थिति में हुई।

**विधानसभा समाचार–01**

छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन आज सदन में जल जीवन मिशन और रेडी टू ईट फूड का मुद्दा गूंजा। वहीं, नेता प्रतिपक्ष ने रेत के अवैध उत्खनन पर उठाए सवाल। पेश है एक रिपोर्ट –

प्रश्नकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जल जीवन मिशन का मामला उठाते हुए इस मिशन के असफल होने का आरोप लगाया। जवाब में उपमुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री अरुण साव ने कहा कि राज्य सरकार ने दस लाख नल कनेक्शन प्रदान किया है। इस पर विपक्षी सदस्यों ने ने गलत जानकारी देने की बात कही और मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

वहीं, नेता–प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने आज सदन में ध्यानाकर्षण के माध्यम से रेडी टू ईट फूड का मामला उठाया। उन्होंने गलत तरीके से स्व–सहायता समूहों के चयन और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। साथ ही  गड़बड़ी करने वाले विभागीय अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। जवाब में महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि नियमों के तहत ही रेडी टू ईट का कार्य महिला स्व–सहायता समूहों को दिया गया है। मंत्री के जवाब से असन्तुष्ट विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

## विधानसभा समाचार–02

सदन में आज विपक्षी सदस्यों ने शून्यकाल में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का मामला उठाया। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि पुलिस और खनिज अधिकारियों की देखरेख में प्रदेश में रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। उन्होंने अवैध उत्खनन करने वाले माफियाओं द्वारा कानून व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए इस पर चर्चा कराने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने इस मुद्दे पर सदन में चर्चा की ग्राह्यता को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

वहीं, आज विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर, धरमजीत सिंह और भावना बोहरा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला उठाया। श्री चंद्राकर ने कहा कि करीब पांच हजार घुसपैठिए छत्तीसगढ़ में मौजूद हैं, जो आधार, राशन, पासपोर्ट बनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने घुसपैठियों के लिए डिटेंशन सेंटर बनाने की मांग की। वहीं, धरमजीत सिंह ने रोहिंग्या मुसलमान को भी चिन्हांकित करने की मांग रखी। भावना बोहरा ने शिकायत के आधार पर जांच करने का मामला उठाया। जवाब में गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कई जिलों में एफआईआर कर कार्रवाई की गई है। साथ ही टोल फ्री नंबर जारी कर लोगों से जानकारी देने को कहा गया है।

## शुभांशु शुक्ला–वापसी

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम–फोर मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज पृथ्वी पर सकुशल लौट आए। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अट्ठारह दिन के मिशन के बाद अंतरिक्ष यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास प्रशांत महासागर में सकुशल उतरे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सफल अंतरिक्ष यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी मिशन की ऐतिहासिक सफलता और सुरक्षित वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि शुभांशु शुक्ला की यह उपलब्धि देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा है और उनके सपनों को एक नई उड़ान देने वाली है।

**मुख्यमंत्री–श्रीरामलला दर्शन योजना**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज **"श्री रामलला दर्शन योजना"** के अंतर्गत रायपुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन से रायपुर संभाग के आठ सौ पचास श्रद्धालु श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्च दो हजार चौबीस से शुरू हुई इस योजना से बीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष छत्तीस करोड़ रूपए का बजट इस योजना के लिए स्वीकृत किया है।

**उच्च न्यायालय–जनहित याचिका**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने जांजगीर–चांपा जिले में तालाब में डूबने से चार बच्चों की मौत के मामले को स्वतः संज्ञान में लिया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश विभु दत्त गुरु की डिवीजन बेंच ने इस मामले में मुख्य सचिव से व्यक्तिगत शपथ पत्र के रूप में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई उनतीस जुलाई को होगी।

वहीं, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति विभु दत्त गुरु की डिवीजन बेंच ने एक अन्य जनहित याचिका पर सुनवाई करते छत्तीसगढ़ में साइबर अपराधों की जांच में अहम भूमिका निभाने वाले इलेक्ट्रानिक साक्ष्य विशेषज्ञ–साइबर एक्सपर्ट की नियुक्ति नहीं होने को लेकर केंद्र सरकार के अधिवक्ता से पूछा कि साइबर एक्सपर्ट की नियुक्ति कब तक होगी। इस पर केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि विशेषज्ञ की नियुक्ति तीन चरणों की प्रक्रिया के बाद ही की जा सकती है। इसमें पहला चरण फोरेंसिक लैब की स्थापना है, जो अब पूर्ण हो चुका है। बाकी दो चरणों के बाद नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी की जाएगी। उन्होंने प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सितंबर दो हजार पच्चीस तक का समय मांगा।

**केन्द्रीय सचिव–बैठक**

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी और संयुक्त सचिव कुणाल सत्यार्थी ने आज नवा रायपुर में डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम तथा **'नक्शा परियोजना'** की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर केन्द्र सरकार के अधिकारियों ने भू–अभिलेखों को डिजिटलीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिओरिफ्रेंसिंग के काम को पूरा कर किसानों के हित में इसका उपयोग किया जाए। साथ ही लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष राजस्व अधिकारियों की नियुक्ति करने की भी बात कही।

बाद में केन्द्रीय सचिव मनोज जोशी ने विधानसभा परिसर स्थित कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की।

**शिक्षादूत–हत्या**

बीजापुर जिले में आज माओवादियों ने मुखबिरी के शक में दो शिक्षादूतों की हत्या कर दी है। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में कोंडापड़गु स्कूल में शिक्षादूत पीलूर निवासी विनोद मड़े और टेकमेटटा गांव के निवासी सुरेश मेटटा शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**ईडी–छापा**

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीम ने आज रायपुर में रेलवे कांट्रेक्टर और दुर्ग में होटल कारोबारी के दीपक नगर स्थित घर में छापे की कार्रवाई की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ईडी की टीम आज रायपुर और दुर्ग स्थित कारोबारी के घर पर पहुंची, जहां पर जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम द्वारा मनी–लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले की जांच की जा रही है।

**स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार**

स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों को स्वच्छता के पैमानों पर खरा उतरने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सत्रह जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान करेंगी।

बिलासपुर नगर निगम, कुम्हारी नगर पालिका और बिल्हा नगर पंचायत को प्रेसीडेंट अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। वहीं, रायपुर नगर निगम को मिनिस्ट्रीयल अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा अंबिकापुर नगर निगम तथा पाटन और विश्रामपुर नगर पंचायत को भी स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**ईओडब्ल्यू–चालान**

तेंदूपत्ता बोनस घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने चौदह आरोपियों के खिलाफ दंतेवाड़ा के विशेष न्यायालय में चालान पेश किया है। लगभग चार हजार पांच सौ पन्नों के इस चालान में तत्कालीन वनमंडलाधिकारी अशोक कुमार पटेल सहित चौदह आरोपियों के नाम शामिल हैं।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल...**

मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक दो स्थानों पर अंधड़ चलने, आकाशीय बिजली गिरने तथा भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। भारी वर्षा सरगुजा संभाग और बिलासपुर संभाग के जिलों में हो सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

- पद्म पुरस्कार–दो हजार छब्बीस के लिए इकतीस जुलाई तक नामांकन किए जा सकते हैं।

- राजनांदगांव जिले में पुलिस ने तेरह बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। इनसे पूछताछ और दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

- जांजगीर नगर में एक चारपहिया वाहन ने एक मोटर साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे मोटर साइकिल में सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए हैं।

- कोंडागांव जिले की फरसगांव पुलिस ने ऑनलाईन तथा ऑफलाईन में करोडों रूपए की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

- बलौदाबाजार–भाटापारा जिले की पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में म्युल खाता धारको की पहचान कर सात आरोपियों पर कार्यवाही की गई है। अब तक हुई जांच में इनके खातों से तीन लाख रूपए से ज्यादा के लेनदेन की जानकारी मिली है।

- जांजगीर–चाम्पा जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र के सिऊंड़ गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है।